1752. 'मेंवात क्षेत्र विकास कार्यक्रम' कितने जिलो में विस्तृत है?

(a) तीन (b) चार

(c) दो (d) पाँच

कनिष्ठ अभियंता (विद्युत यांत्रिक)-2020

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा -2019

लैब सहायक (गृह विज्ञान)- 30-06-2019

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education)-2018

RPSC College Lecturer 31-10-2018

LDC Exam- 2018

कम्पाइलर परीक्षा- 2016

Ans. (c) : मेंवात क्षेत्र विकास कार्यक्रम वर्ष 1987-88 में प्रारंभ किया गया था। यह कार्यक्रम अलवर जिले के 8 ब्लॉक और भरतपुर जिले के 3 ब्लॉक में केन्द्रित है। यह क्षेत्र सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है। यह कार्यक्रम 100 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित है। कार्यो का निष्पादन पंचायत राज संस्थाओं एवं संबंधित विभागों द्वारा किया जाता है।

1753. 'भामाशाह रोजगार सृजन योजना' के तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को लाभान्वित करने के लिये 8 प्रतिशत अनुदानित ब्याज दर पर बैंकों द्वारा कितना ऋण उपलब्ध कराया जाता है?

(a) 10 लाख (b) 15 लाख

(c) 20 लाख (d) 25 लाख

RPSC-2018

सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 2018

Ans. (a) : राजस्थान सरकार द्वारा भामाशाह रोजगार सृजन योजना के तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहायता की जाती है।इस योजना के तहत स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। यह योजना वर्ष 2015 में शुरू की गई थी। इस योजना के तहत 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 10 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

1754. राजस्थान सरकार द्वारा पश्चिमी राजस्थान में गरीबी कम करने हेतु पश्चिमी राजस्थान गरीबी उपशमन परियोजना निम्न की सहायता से लागू कीः

(a) अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष एवं सर रतन टाटा ट्रस्ट

(b) अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक एवं अम्बानी ट्रस्ट

(c) विश्व व्यापार संगठन एवं गोपीचंद हिंदुजा ट्रस्ट

(d) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं लक्ष्मी मित्तल ट्रस्ट

RPSC/RAS RTS -2018

RPSC -2018

सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 2018

Ans. (a) : राजस्थान सरकार द्वारा पश्चिमी राजस्थान में गरीबी उपशमन परियोजना (MPOWE) अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष एवं सर रतन टाटा ट्रस्ट की सहायता से संचालित किया जा रहा हैं पश्चिमी राजस्थान के छह खंडों में क्रमशः जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, पाली, सिरोही और जालौर में यह संचालित की जा रही है।

1755. राजस्थान में नवजीवन योजना प्रारम्भ की गई हैः

(a) अवैध शराब के निर्माण में शामिल व्यक्तियों, समुदायों हेतु

(b) नशे के आदियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु

(c) राज्य सरकार के स्कूलों में विकलांग बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु

(d) कैदियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु

RPSC SI 14-09-2021

Ans. (a) : राजस्थान सरकार द्वारा अवैध शराब के निर्माण, भण्डारण,विक्रय में लिप्त समुदायों/परिवारों के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक रूप से विकास तथा पुनर्वास के लिए नवजीवन योजना प्रारम्भ की गई है। इसका संचालन सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा किया जाता है। योजना के प्रभावी कार्यान्वियन हेतु नवीन दिशा-निर्देश "नवजीवन योजना संचालन दिशा-निर्देश 2015" जारी किया गया है।

1756. 30 जनवरी, 2021 को आयुष्मान भारत महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना की सूची में किन स्वास्थ्य जटिलताओं को जोड़ा गया है?

(a) कोविड- 19 का उपचार, हीमोडायलिसिस

(b) कोविड-19 का उपचार, प्रोलेपस्य यूटेरस

(c) कोविड-19 का उपचार, न्यूमोनेक्टोमी

(d) पीमीट्रेक्सड, फिस्टृलेक्टोमी

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (a) : 30 जनवरी, 2021 को आयुष्मान भारत महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना में कोविड- 19 का उपचार और हीमोडायलिसिस को भी शामिल किया गया है। इससे राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य बजट पर 41 करोड़ प्रति वर्ष व्यय वृद्धि होगी।

1757. सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम (BADP) राजस्थान के किन चार सीमावर्ती जिलों के 16 ब्लॉकों में कार्यान्वित किया गया है?

(a) झालावाड़, बारां, सवाई माधोपुर, करौली

(b) धौलपुर, भरतपुर, अलवर, झुन्झुनू

(c) बाड़मेर बीकानेर, गंगानगर,जैसलमेर

(d) बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, बाड़मेर, जैसलमेर

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (c) : गृह मंत्रालय के अधीनस्थ सीमा प्रबंधन विभाग द्वारा सीमावर्ती राज्यों के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम (BADP) संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 7वीं योजना के दौरान 17 राज्यों के 111 सीमावर्ती जिलों के 394 ब्लाकों में संचालित की जा रही है। यह कार्यक्रम राजस्थान के बाड़मेर,बीकानेर गंगानगर और जैसलमेर जिलों के 16 ब्लाकों में 1993-94 से कार्यान्वित किया जा रहा है।

1758. लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 1 मार्च 2020 को कुपोषण मुक्त भारत बनाने के लिए सुपोषित माँ अभियान की शुरूआत राजस्थान में किस स्थान से की?

(a) जयपुर (b) कोटा

(c) बीकानेर (d) अलवर

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (b) : 1 मार्च 2020 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने राजस्थान के कोटा से 'सुपोषित माँ अभियान' प्रारंभ किया। इस अभियान के तहत 1000 गर्भवती महिलाओं को एक महीने के लिये पोषक तत्त्वों से भरपूर भोजन दिया जायेगा।